(१) शाम्बूक यंत्र वडे आकारवाला सामुद्रिक शाम्बूक आवरणद्वारा प्रस्तुत होताहै इसीसें इसका नाम शाम्बूक हुआहै। पाकंगल इसस्थल में विवेचना करतेहैं, कि शाम्बूक शब्दका अर्थ संस्कृत शब्दगत होताहै

क्लामिकाई नामक अपर एक प्रकार का यंत्र प्रस्तु
तभयाथा। सो क्रमसे क्लामिकाई बेलजियम् और
जार्मेनि देशमे प्रस्तु होनेही और आरंभ हुआ।
१७ सो क्लामिकाई यंत्रके अनुकरण करिके १८ष्ट
की षोडशशताब्दीमे क्लामिसिम्बिरीयम्
अथवा सकूजिक सेतार नामसे एक प्रका
रका यंत्र प्रस्तुतभया। प्रसिद्ध लुसि-नियास और
मार सेन्से बोलतेहै, क्लामिसिम्बिरीयमेका आदि
उत्पत्ति सेतारके से भई। अनन्तर क्लामिकाई
और क्लामिसिम्बिरीयम् क्रमसे भर्जिनेल् के स्पिनेट्
१७१६ हार्प सिकर्ड प्रभृति यंत्र प्रस्तुत भया। यथार्थ १२
हार्पसिकर्ड देखनेमे अविकल आधुनातन
अनुग्रास्थ महापियानफोर्ट यंत्रकी न्याई था।
हार्पयंत्रके अनुकरणसें हार्पसिकर्डकी उत्पत्ति है।
बेलजियम्का अन्तःपाती आण्टर्प नगरवासी प्र
सिद्ध रकर् कर्त्तृक अर्थात् रकर् कर्त्तृक हार्पसिक
र्डका विशेष चमत्कारित्व और पूर्णत्व लाभ हुआ।
१७१० खृष्टाब्दमे इटाली देशके अन्तःपाती टस्कानी
प्रदेशकी राजधानी पाडुया नगरवासी सिग्नर् बार्
तोलिमियो कृष्टफाली तोमेंकी तार शालामे ऐश्वर देशा
वाद्यजन्य (अर्थात् इकट्ठ बजाउनेके निमित्त फ्लोरेन्स ला
नगरमे पियानफोर्ट यंत्र पहिलें प्रस्तुत कियाथा।
१७१८ खृः वर्षमे सुविख्यात फ्रान्स देशका हार्पसिक
र्डके निर्माणकरनेवाला मेरियस् पियान यंत्रको निर्मा
णकरिके आपने देशमें प्रचलित किया। इसीतरु

यथा- "शम्बूकात् जात इति शाम्बूकः"
१७ क्लामिकर्ड और क्लामिसिम्बीरियम् एहि दोनो यंत्रके मध्यमे
कौनसा आगें और कौनसा पीछें प्रस्तुत हुआ, इस संबंधमे तार
यंत्रके इतिहास लेखक गणके मध्यमे अनेक मतभेद हैं।
प्रसिद्ध मेः केद्रिस् साहेबके मतमे क्लामिकर्ड यंत्र आगे भया।
† वीणजातिके यंत्र सामान्य और और देशमें प्राय सेतारना
मसे व्यवहृत भया।
१७०० संस्कृत ग्रंथकार जिसतरु वीणायंत्रको मनुष्य देहकी
अनुकृति बोलके लिखे गयाहै तैसें प्रसिद्ध मार्सेनासकेम
तमेंभी स्पिनेट् यंत्रको मनुष्य देहका

स्वल्प कालके मध्यमे एकि पियान यंत्र, इउरूपके सर्व
वादि सम्मत और सर्वदेश प्रचलित होगया। सो क्रमसें
इसका निर्म्माण कौशल धार्णि पाद्य प्रभृति वहवि पारि
धकी उन्नतिके साधन वास्ते नानादेशके शिल्पीगण
विशेष अध्यवसायके सह कारसें चेष्टा करने लगे। पारिश्रम
उनके मध्यमे एब्रड्उड् कलर् प्रभृति कया इत्यादिसम
शिल्पीगण पियान यंत्रके करनेवाले उसके संबंधसे अ
त्यंत ख्याति लाभ किया था क्या वडे प्रसिद्ध लोकोमे भए।
प्राय ८ आठ वर्ष व्यतीत होएसें हमारे देशमे इसी
यंत्र कानूनैंका प्रतिरूप स्वरूप 'सुरबहार' नामे एक यंत्र
प्रस्तुत किया। सो सुरबाहार इस तरह यंत्र निर्माण मे
वङ्ग देशका कोई एक विख्यात संगीतज्ञ अर्थात् संगीतके
जाननेवाला उससे निर्माणकी विधि को जानलिया —सोउ
सी महोदयही और सी यंत्रका नामकरण किया था।
सोई कलकत्तेमै स्थित कोई एक प्रसिद्ध यंत्र निर्म्माता
अर्थात् यंत्र निर्माण करनेवाला सोई यंत्रकी निर्म्माण विधि
संपादन किया। उसी निर्माण करनेवालेके निकट रहने
यथार्थ सें हमलोकभी आविर्भाव उसी तरह करनेलगे अथच
तिसकी अपेक्षा करके सुंदरतर और उत्कृष्टतर और एक
यंत्र प्रस्तुत करलिया अर्थात् होस्य यंत्र निर्माण किया।
सो सुतरां ओह यंत्र नूतन नहीं था, हमारे देशमे एहि इस तर
हमैभी स्थान स्थानमें प्रचलित है मैं जानता हूं, अनेक
मुसलमान संगीतदर्शी इस यंत्रके वजाउनेमे विशेष क
र्के कुशली अर्थात् बुद्धिमान है। वस्तुतः एहयंत्र का
नूनका अनुकृति व्यतीत क्या- विना और किछभी नहीहै।
एड्ओयार्ड रिम्वल्डेर पियान फोर्ट नामक ग्रंथमे
इन सिमार्ह अध्यायमो तिसकाएक चित्रमय प्रतिरूप
प्रतिरूप वोलकर लिखागयाहै। मारसेनाम वोलते है।

विवरन।

देखनेमें आता है। सुतरां यह यंत्र नूतन बोलनेसें किछ भी प्रयोजन सिद्ध नहिं होसकता है। ये यंत्र मिसर देशमें कानुन, और खडौर पारस्य प्रभृति देशमें कानून कहते हैं सो ई प्रचलित है— जिसके अनुकरणमें अवरोप भो इउ रोप देशका प्रसिद्ध यंत्र 'पियान' प्रसिद्ध होया है— सो यंत्र जो भारतके सरू आधिक वतार प्रचलित कात्यायन वीणा था सोई एक प्रकार प्रतिपन्न भया।

संख्या १५।

प्रसारणी वीणा।

दोई चिकारी परित्याग सें पाँचही तार विशिष्ट एक कच्छपी वीणाके दंडके पासें मो और तीन कील कस्यु क एक क्षुद्र दंड संलग्न करणेसें प्रसारणी वीणा होती है। इसी यंत्रके प्रधान दंडसें १८ थान और प्रतिरिक्त क्षुद्र दंड तें भी १८ थान सभ मिलाके ३२ बत्तीस थान सारिका अवि कल कच्छपी आदि वीणाके अनुकरणमें विन्यस्त हैं। यथार्थ

प्रधान दंडस्थ पाँच ही तार कियत् परिमाणसें रंजनी वीणाके मत बंधन करणेकी रीति है और क्षुद्र दंडस्थित तीन तार प्रधान दंडके तार षड्सुर के मध्य सप्तक करिके बांधते हैं, अर्थात् प्रधान दंडके दोई चिह्न विशिष्ट तार जिस सुर में बांधी रहती है

सो क्षुद्र दंडस्थ दोई चिह्न विशिष्ट

तार है तिसकी अपेक्षा करिके एक सप्तक उच्च करिके बांधते हैं। किन्तु प्रधान दंडके दोई चिह्न विशिष्ट तार उदाराके निम्न सप्तकके षड्ज करिके बांधनेकी रीति है, सुतरां क्षुद्र दंडके दोई चिह्न विशिष्ट तार ही उदाराके षड्ज स्वरमें आबद्ध होती हैं। अपरापर तार जिस जिस स्वरमें बांधते हैं, सोई निम्नमें अर्थात् नीचें दरखाइता है। यथा—

प्रधानदण्ड।

76

दण्ड दण्डिका।

सेतारादि अन्यान्य यंत्र जिस पद्धतिसें बजाउते हैं न
यथार्थ इसकी प्रसारणी वादन अविकल तिसके अनुरूप नहीं है।
प्रसारणी समतल स्थानमें वा क्रोडमें अर्थात् आपनी
ठीक गोदमें, समभावसें शायित करिके वंश वा काष्ठनिर्म्मि
त एक दण्ड शलाका दक्षिण हाथके मुष्टियोगसें धारण
करिके अनन्तर तिसीके आघातसें बजाउते हैं
और बामे हाथके वृद्धांगुलि तारके ऊपरमें सारिका सा
रिकामें टीप और घर्षणके सहकारसें संचालन क
रते हैं। किन्तु प्रत्येक आघातही यंत्रके सारिका
शून्यस्थानमें होना उचित है। वादकगण स्वेच्छा
बदले नुसारसें शलाकाके परिवर्त्तमें कोणस् भी व्यवहा
र कर सकते हैं। प्रसारणी वीणामें निम्नलिखित सिद्ध
सम मिलाके नियमसें दोनों दण्ड साकल्यमें सार्द्ध त्रिसप्तक स्वर उत्पन्न
होजाता है। यथा—

प्रधान दण्ड।

न्युस्दंडिका।

इसयंत्रमै दोनो दंड योडनेका तात्पर्य्य एह है जो, औरऔर २

प्रथमतः अन्यान्य यंत्रकी अपेक्षाकरिके इसमै एक

सप्तका अधिक स्वर अनायासले प्रतिपन्न होताहै, जिसका

रुद्र अपरापर वीणादिसें सार्द्धद्विसप्तकका अधिक औरऔर ४

स्वर नहिं पाया जाता, किन्तु इसमै सार्द्धत्रिसप्तक पर्य्य

न्त विना क्लेशसें प्रतिपन्न करसकते हैं द्वितीयतः

अर्थात् दूसरेसें प्रधान दण्डस्थ तारका सुरभी व और

न्युस्दंडस्थ तारका सुर एक सप्तक उच्चकरिके बांधते हैं,

बजाउणे के समयमो समय समयमो दोनो दंडका उच्च

औरनीच स्वर योगदेणे सै बाजा विशेषकर्के अलंकृत

और सुणनेमै अतिमधुर होताहै। प्रसारणी वीणा भी

आधुनिक यंत्रहै।

संख्या १६।

स्वर वीणा।

सङ्गीतकेअनुसार।

स्वरवीणा संस्कृतानुयायी अतिप्राचीन यंत्रहै, एह

देखणेमो अनेक अंशमै रवाबके मत। अर्थात् सा है।

इसका ध्वनि कोष अलाबू निर्मित और दंडादि अव

शिष्ट अवयव समुदय काष्टका ही होताहै। सभ १

~~मृदंग।~~

मोचङ्ग।

र वावका ध्वनिकोश जिस तरहासें चर्म्माच्छादित होताहै सो इस्का ध्वनिकोश तिस्के वदले काष्ठफलक द्वारा अर्थात् काष्ठकी फट्टी साथ आच्छादित होता है। स्वरवील्लकी तारें वारही निम्नलिखित स्वरमे आवद्ध थाके अर्थात् वाँधीरहितियाँहैं। यथा—

इस यंत्रमै उदारा, मुदारा और तारा एही तीनही पूर्ण सप्तक पाया जाताहै।

संख्या ८।

मोचङ्ग।

मोचङ्ग यंत्र विशुद्ध लोहेकर्के निर्म्मित होताहै और देखनेमें कितनेक अंशमे त्रिशूलके अग्र भागकी न्याई है। इस्के मध्यभागमे एक थान पतला सरू लोहेका पात्र संवद्ध होताहै। सो यंत्र वामे हाथके सहाय्यसे दांत द्वारा दवायकर दहिने हाथ की तर्जनी द्वारा उक्त लोहेके पातमे आघात देके वजाउते हैं। इसमै एक से अधिक स्वर प्रायनिष्पन्न नहिं होता। स्वरके स्थायित्व रक्षाके निमित्त प्रति आघातके संग सङ्ग मे अतिशय जोरसें ५१

श्वासग्रहण करते हैं। मोचंग बजाउने के समय एही वि
शेष को प्राप्त है और इसे सर्वदा मोचङ्ग बादन करते हैं,
तिन्हू कों प्राय हि दन्तरोग और श्वासरोग से आक्रान्त
होजाते हैं। जेकर इसी यन्त्र का संतोष जनक ध्वनि
माधुर्य्य अच्छा नहिं लगे, किन्तु समय समय मे अभ्यंत
रिक ऐक्य तानिका सम्मिलनसे बाजते होयों एक प्रकार
सुणनेसें मंद क्या बुरा नहीं लगता। चतुर मोचङ्ग के
बजाउने वाले लोक मयन वा मोम द्वारा मोचंगके स्वर
कों उच्चनीचता संपादन करिके बजाउते हैं। एह यंत्र
भी अति प्राचीन है, कोई कोई संगीतज्ञ तुरहली महा
त्मा इसीकों भारतवर्षीय हार्प करिके प्रतिपन्न करते हैं,
किन्तु एह बात हमारे कों युक्तियुक्त बोध नहिं करती।
जिसकारण इसमें हार्प का कोई सादृश्य भी लखित नहि होता।

सारङ्गी।

संख्या १८।

सारङ्गी यंत्र भी अति प्राचीन काल सेलेकर
भारतवर्ष मे प्रचलित है, इसका ध्वनिकोष भी दण्ड
दोनो हि एकखान अखण्ड काष्ठ द्वारा निर्मित, ध्वनि
कोष भी पतले चर्म द्वारा आच्छादित और दण्ड भी
काष्ठ की पटरी से आवृत होता है। और दंड के ऊर्द्ध्व भा
ग मे दोनो पार्श्वो मे दो दो करिके चार ही कीलक हैं
और एहि चार कीलक मे चार गाछि अर्थात
तन्तु संबद्ध किया जाता है। दंड के पार्श्वो मे निर्म्माण
करने वाले की इच्छाधीन ऊपर कितनेक कीलक
और तिसी मे कीलक संख्यानुगत अर्थात अनुसार

पितल वा निर्म्मित तार पार्श्वतंत्रिका रूपसें संयोजित करी जाती है। उक्त खित प्रभात चारही तन्तु अर्थात् तांत निर्म्मित
१८ खित भिन्न भिन्न स्वरमें बांधी जाती है। यथा —

लंबभावसे एह यंत्र क्रोडमें अर्थात् अंसगमें रखके वक्षस्थलके गोदमें १
सहकारसें स्थापन करिके बामें हाथकी वृद्धांगुलि भिन्न से २
अपर चार अंगुलिके नखके घर्षणसे और दाहिने हाथमें
ली हुई पतली केसाथ बजाउते हैं। नखके घर्षण तन्तुके
पाससे पाससेभी करना चाहिये। सारङ्गी यंत्रमें निम्न प्रदर्शित
अर्थात् नीचे रखा हुए नियममें पूर्ण विसप्रक प्रतिपन्न होता
है। यथा —

वाली १
सारंगी कोमलकण्ठी अर्थात् सुंदर कोमल कंठ स्त्रीजाति
के सुंदर स्वरके अनुसार होकर बडे समाजकी नृत्यशाला
में व्यवहृत होती है। सारङ्गी की ध्वनि अति गायकके
मधुर, अथच कंठस्वरानुरूप अर्थात् कंठस्वरके सदृ
श, इसतरह की कोई कोई स्त्री सुंदर कंठवाली स्त्रीलोकके
मध्यमें बडी श्रेष्ठ सारङ्गी के और कंठके स्वरके सहित
इसकी ध्वनि इसी तरह सम सुरमें मिलित होजाती है जैसे,
उत्तम सुरज्ञ संगीत व्यवसायवाले भी अति कष्टसें दोनो
सुरोंका पार्थक्य अर्थात् भिन्न भिन्न स्वर समझना
सहसा अर्थात् सतावीसे स्थिर करनेमें कोई नहि समझ
सकता, यंत्रकी ध्वनि और कंठस्वर एह दोनोंहि एक
बोलनेमें प्रतीत होता है।

अर्थात् एह यंत्र जन विसप नामक को निर्माण किया होयाफे राकेसे निर्माण्यकियो ॥

एह यंत्र भी बहुत चिरकालसे भारतवर्षके प्राय सर्वत्र एहि बहु
लभावसे प्रचलित ओर धनुत्तत यंत्रका आदि बोर कर
प्रसिद्ध है, एह जन विसप कर्तृक प्रउवादित है वे लैयम् जि २
राज्यके राजधानी मे ब्रुसेल नगरमे रहिलेवाला संगीतविद्या
लयका अध्यापक एफ् जे फेटीस् साहिब कृत सुविख्यात बाजु
लीन निर्माता एस् टेडि भेस्त्रियास का जीवनवृत्तांत ओर धनुर्यंत्रका
आदि उत्पत्ति विषयक इतिहास ग्रंथमे स्पष्टाक्षरमे लिखिते है।
किता है रवइ जन्मके ५००० पांच हजार वर्ष पहिले महावल
पराक्रांत लंकाधिपति रावण राजाही इसी जातिके प्रथम यंत्रकी
री सृष्टिकरीथी। पीछेसे नाना देशों अर्थात् अनेक प्रकारके
देशोंमे किंचित् किंचित् अवयवभेदसे नानानामसे
प्रसिद्ध भई। युरोपके देशमे भायलिन्, चीनके "आ
रहीन" जापानके "कोकीन" पारस्यके "कामांचा"
सारंगीका अवयवभेद मात्र, एसिरिया देशमे बी इस
का प्रचारथा अप्रचारित नहीथी।

संख्या १९।

एसराज्।

एसराज् यंत्र अति आधुनिक है, अर्थात् अबहीव
ना है, सेतार ओर सारङ्गी एहि द्विविध यंत्रके मिलालेसे
इसकी उत्पत्ति है, एह यंत्र खर्परसे लेकर दंडपर्यंत समु
दय अवयव बही काष्ठनिर्मित होता है। खर्पर भी कितनेक यथार्थ ५
अंशमे सारङ्गी की न्याई है ओर दंड भी अविकल
सेतारके दंडके अनुरूप अर्थात् सदृश है। दंडके ऊप
रभागमे जोडी होई पांच ही कीलकमे पांच ही तार आ
बद्ध करी जाती है, सेतारकी पांच ही तार जो जो धातुनि
बांधी १

र्म्मित और जिस जिस सुरमै बांधी रहिती है, इसका तार पांचमी और ठिक सोई सोई धातु निर्म्मित और सोई सोई स्वर मै बंधने [illegible] की रीति है। अधिक तो इसमे पित्तर की पार्श्वतंत्रिका व्यवहृत होती है, किन्तु तिहू की

बजाउलेवा लेकी ५ संख्या और सुरबंधन वादक की इच्छा के आधीन है। इसकी पार्श्वतंत्रिका एप्पर रूपसे बाजती नहीं है, प्रधान तार के कम्पनेसें हि प्रतिध्वनित होती है। वादकगण बामे हाथके हो लेपकडनेके आश्रय

ए सें यंत्र लंबभावसे खडा करिके दहिने हाथमे लोह धनुषी करके वादन क्रिया निष्पन्न कदिया याकेन। अर्थात बजाउते रहिते हैं। सेतार वादन की अंगुली सें इसके बजाउले मै बामे हाथकी तर्जनी और मध्यमा हि दोनो अंगुलियों का ही बडा व्यवहार देखा जाता है।

सर्वदा एक तारकी लोह निर्म्मित तायकी तार ही बाजती रहि तीहे, अपर तार प्राय सुर सहयोगिता के निमित्त ही व्यवहार कराने योग्य है। एह यंत्र भी कोमल कंठी स्त्रीजाति के गानेकी मधुरता वर्द्धन निमित्त ही प्रयोजन योग्य होती है और तिसके गीन के अनुसार होकर बजाती है। कभी कभी सेतारादि यंत्रकी न्याई इसका स्वतः सिद्धरूपसेंभी वादित होती देखी जाती है।

संख्या २०।

मायूरी वा तायूस।

मायूरी यंत्र एसुराग का अवयव भेदमात्र है। केवल इसके खपर मूलमै एक काष्टादि निर्म्मित मयूर की ग्रीवा सहित मुख योजित रखा हो या देखा जाता है। मयूरास्य संयोगसें निर्म्मित होता इस

वोलतेहैं कि एहियंत्र संस्कृत भाषामें "मायूरी" ओर पारस्य भाषामें "तायूशा" नामसें प्रसिद्ध है। इसका धारण, स्वरबंधन, वादन ओर प्रयोजन प्रभृति अर्थात् इत्यादि समुदायही एसराज यंत्रकी न्यांई है। वास्तवताकर्के एह यंत्र थोडेहीकालका बनाहुआ है। विविध अनुसंधानसें प्रतीत होताहै, उत्तर पश्चिम हिन्दुस्थानका कोई पुरुष चालीस ४० वा पंचाश वर्षोंके मध्यमें एसराज यंत्रमें एक मयूरास्य योडकरिके तायूशा नामसें विख्यात करदियाहै। पारस्य भाषामें मयूर अर्थात् मोर पंखी कोंमुखवाले यंत्रको तायूशा बोलतेहैं, कोईकोई वङ्ग देशस्थ विष्णुपुर के अंचलका सेवाराम नामक एकजन शिल्पी कों, तायूशाकों निर्माण करनेवाला बोलतेहैं और येह वात स्वीकारभी कियाहै।

संख्या २१।

अलाबू सारङ्गी।

अलाबू सारंगी सारङ्गीका प्रकारभेदमात्र है। विशेष के मध्यमें एहजो, सारंगीका समुदाय अवयवभी दारुनिर्मितहै, इसके खर्परसें लेकर भाग दंड प्रान्त पर्य्यन्त समुदाय ओर पश्चाद्भागभी एक अखंड अलाबू द्वारा प्रस्तुत होताहै। अति प्राचीनकालसें इसी यंत्रकी खर्परीकों कोईकोई नारिकेलकी खोपरी द्वारा निर्मित होताहै। अलाबू सारङ्गीका अंगुलिस्थान ध्वनि पट्टक प्रभृति क्या इत्यादि सभ अपरापर अङ्ग प्रत्यङ्ग काष्ठकाही होताहै। इसका धारण, पार्श्वतंत्रिका, सप्तककों, स्वर बंधन ओर प्रयोजन प्रभृति समुदायभी सारङ्गीकी न्यांई है। किन्तु धारण ओर वादन

ओर ओर ३

अलाबीमें सारंगीसें कि एक विशेष लक्षित होता है। सारंगी की न्याँई यंत्रभी क्रोडमें अर्थात् गोदमें दाँड करिके नाप कड़ कर इसके पंथिको सन्निकटस्थ खर्परांशको वामें स्कंधमें स्थापनपूर्वक वामहस्त कि एक परिमाणसें ऊंचे तकरिके उक्त हस्तका ताल और अंगुलिकी सहकारसें धरि ते हैं; और वादनकालमें सारङ्गीसें जिसतरह तन्तुके नीचें नीचें वामे हाथ्यके नखघर्षणसें स्वर निर्गत होता रहिता है, इसमें तिसके परिवर्त्तमें अर्थात् वदलेमें तारके ऊपर ऊप रमें अंगुलीके टीप देनेसें इउरोपी। वाइलीन यंत्रकी रीतिसें संपूर्ण स्वर प्रदर्शित अर्थात् दरवाउते हैं। फलतः वाइलीन और अलाबू सारङ्गी एह दोनोंहि एक जातिके यंत्र हैं, इसीवास्ते कोई कोई इउरोपदेशके इसीको भारतवर्ष का वाइलीन बोलके स्थापित किया है। जो होवे सो हाय अलाबू सारङ्गी अतिप्राचीन वोलकर इस वंगदेशमें प्रसिद्ध है।

संख्या २२।

मीन सारङ्गी।

मीन सारङ्गी एसराजका रूपान्तर मात्रही हय। दोनोके मध्यमें विभिन्नता एहि जो, मीन सारङ्गीके ध्वनिकोषसें लेकर दंडप्रान्त पर्यन्त समुदाय पश्चाद् भागभी एक अखण्ड दीर्घाकार अलाबुनिर्म्मित होता है। इसकी सारिकाकी संख्या और विन्यास, कीलक, तारकी संख्या और योजना, पार्श्वतंत्रिका का नियम, स्वरबंधन, धारण, वादन, अङ्गुलि विक्षेप प्रभृति अर्थात् इत्यादि सभ जितनाक विषय है सो एसराजके अनुरूप है। यंत्रके खर्परके मूलदेशमें काष्ठादिनिर्म्मित एक मत्स्यका मुख जोडा हुयाहोता है इसी यंत्रको मीन सारङ्गी बोलते हैं।

यंत्रकोश ।

संख्या २३ ।

सुरसङ्ग वा सुरसों ।

सुरसङ्ग यंत्र देखनेमें एसराजकीन्याई है ।
एसराजका जोजो अङ्ग जिस जिस उपादानसें नि गत
र्म्मित होताहै, इसकाभी ओहीओही अवयव उसी सकल
उपादानसेंहि तैयार प्रस्तुत होताहै । इसके बादनादिका
नियम भी अविकल एसराजके हि सदृश हय । केवल सभ ५
एसराजकी न्याई पार्श्वतंत्रिका नहिं रहितियां "सुरसंग"
एहि स्वतंत्र नामही प्राप्तिहै अर्थात् प्रसिद्ध है, बङ्ग दे
शके अन्तःपाती विष्णुपुर अंचलमें इसप्रकारके केपासे ८
यंत्रका प्रचार बहुत देखनेमें आउताहै, सोतहांके रहि
नेवाला सेवाराम दास उसने एहि यंत्र पहिलें निर्माण किया ।

अपना अर्थात् अब जो सकल सभ्य तंत्रयं बीलादि बजोर ६१
त्रका प्रचलन प्रतिदिन अधिकसें अधिक देखाजाताहै,
तिसके समुदायका विस्तारसहित विवरण देखाहै
इससें भिन्न बहुत यंत्रोका नाम सङ्गीत ग्रंथमें रहि गोय
रहे किन्तु सो सकल यंत्रका प्रचलन नाहिं देखीय
इस स्थलमें तिन्हूसभ यंत्रोका नामभी उल्लेख नहि कि
या, सो परिशिष्टमें यथास्थानमों लिखेंगे ।

अर्थात अकारादि वर्णक्रमसें ।

3

ग्राम्यततयंत्र।

संख्या २४।

सारिन्दा।

सारिन्दा यंत्र किसी किसी सभामे भी व्यवहृत होताहै। वास्तवतासे विचार करिके देखा गयाहै जो एह ग्राम्यके विना कँही सभाके यंत्रश्रेणी मे भुक्त नही हो सकता। सारिन्दाका समुदाय अङ्ग भी काष्ठनिर्मित है, इस का ध्वनि कोशा कितनाक भाग चर्मकर्के आच्छादित और कितने क अंश खाली रहिताहै। इस यंत्रमे घोडेकी पुच्छके केश निर्मित तीनँही तार तीनँही कीलकमे निम्नलिखित सुरमे आबद्ध किया जाताहै। यथा——

सारङ्गी यंत्र भी सारिन्दाके अनुकृत है अथवा सारिन्दा सारंगीके अनुकृत एह स्थिर करना किछु कठिन है। वस्तु संबंधकी उन्नतिको विषय विचारकर्के देखणेसे प्रतीत होताहै कि सारिन्दाही आदिम यंत्रहै, काल सहकारसे देशकी सभ्यताके सङ्ग सङ्गसे संस्कृत होकर सारङ्गीके आकारमे परिणत होके वर्त्तमान है, किन्तु इसमैभी एक विषम संदेह उपस्थित होताहै; जिस कारण संस्कृत सङ्गीत ग्रन्थ समूहमे सारिन्दाका नामोल्लेख नँही है, तब सारङ्गा नामक यंत्रका नाम

अर्थात कोलसा पहिले निर्माण किया गया ९

देखनेमे पायाजाताहै, वोयहयकि सारन्धाका हि नाम अपभ्रंश्यासैं सारिन्दा कहितेहैं। सारंगी का नाम प्राय सकल प्रदेशमे हिं लदिताहै। सो होवे पर दोनोयंत्रही अति प्राचीनहै।

संख्या २५।

एकतन्त्रिका वा एकतारा।

चर्म्माच्छादित अर्थात् चर्मकरिके मढाहोया एक अलावू खर्परमे एकही वांस दंड जोडके और उसी दंडके ऊपरके भागमे एकमात्र कील के संवद्ध करनेसें एक तंत्रिका वा एकतारा यंत्र प्रस्तुतक्या तियार होताहै। सो उक्त यंत्रके कीलकमे एक मात्रि लोहेकी तार संयोजित होतीहै। सोवादकगण एहि तारही आपने कंठ के अनुसारी करिके आवद्ध करि लेतेहैं। इसी यंत्रके वजानेमे वजाउने वालेको किंचिन्मात्र परिपाटी नही, यंत्रभी दहिने मोढेमे स्थापनकरि के दहिने हाथकी तर्जनी द्वारा पुनः पुनः आघात करिकें तंबूरू वीनाके अनुकरणमे वजाउतेहैं। एकतन्त्रिकायंत्रभी अति प्राचीन और एक तंत्र विशिष्ट बोलके एक तंत्रिका नामसें वर्णितहै। भारतवर्षके सर्वत्रहि प्रायइसीयंत्रका प्रचलन देखा जाताहै। बाउल, वैरागी प्रभृति भिक्षोपजीवी हैं सो प्राय इसी यंत्रकी सहायतासें ग्राम्यगान करिके द्वार द्वारमे भिक्षा मांगतेहैं, तिनसे भिन्न और कोई संप्रदाय द्वारा भी इस यंत्रका व्यवहार देखा नहिं जाता।

एकतारा

संख्या २६।

आनन्दलहरी।

आनन्दलहरी ग्राम्ययंत्रोंके मध्यमे परिगणित है। प्राय अर्द्ध हस्त परिमित एक शून्य गर्भ काष्ठका खोल, एक गांधित तन्त और चर्म्म कर्के आच्छादित एक मृण्मय वा काष्ठादि निर्मित भाण्डा एहि तीन प्रकार उपकरणसे आनन्दलहरी यंत्र प्रस्तुत होताहे। उल्लिखित खोलका एकमुखकी अपेक्षाकर्के किंचित प्रशस्त और चर्मद्वारा आच्छादित करणा चाहिये और उसी आच्छादक चर्मको ठीक मध्यस्थल मे, एकहि छिद्र करिके पूर्व कथित तन्तु का एक प्रान्त आबद्ध कर्के अपर प्रान्त उक्त मृत्तिकादि निर्म्मित भांडके आच्छादक चर्मके मध्यस्थित छिद्रमे संलग्न करेहि। यंत्रका काष्ठ निर्म्मित खोल भी वामी कक्षामे दृढ रूपसे पकड़ भांडाभी वाम हस्तमे बल सहित आकर्षण करेहि और दक्षिण हस्तमे धारण करी होई जो शलाका है तिस्के द्वारा तन्तुमे आघात करणेसे वादनक्रिया निष्पन्न होती है। वाम हाथके आकर्षणसे न्यूनातिरेक ही स्वरकी उच्चनीचता संपन्न होताहे। इसी यंत्रको ही भिक्षुगण व्यवहार करते रहिते हैं।

यंत्रकोष।

संख्या २७।

गोपीयंत्र।

एकही डेढ़ हाथ परिमित ग्रंथिके सहित सम्पूर्ण वंशदंडका ग्रंथियुक्त प्रान्तके छः सात अंगुल अग्रखण्डभावसे रखकरिके अवशिष्टांश चारही समान भागसे चीरकर्के तिसके दो अंश परित्यागकरणसे जो एसे दो अंश बाकी है तिन्हूके प्रान्तमे आनन्दलहरीके खोलके अनुरूप अर्थात् सदृश एकही अलाबू निर्मित खोल आबद्ध करिके तिसमे आनंदलहरीकी रीतिसे एक लोहेकी तार संलग्न करिके उसी तारके अपर
वेधा प्रांतमे उक्त दंडके अविकृत भागमे रोपित एक कीलकमे संबद्ध कर्त्ते हैं। यंत्र दंडके प्राय मध्यस्थल दक्षिण हस्तकी तर्जनी परित्यागसे अवशिष्ट चार अंगुलिके सहायतासे पकड़कर तर्जनी द्वारा तारमे आघात कर्के इसको वादन क्रिया निष्पन्न कर्त्ते हैं। दंडधारक अंगुलि चतुष्टयके आकुंचन और प्रसारणसे इसके स्वरकी नीचता और उच्चता प्रकाश पाती है। एह यंत्र भी बाउले प्रभृति भिक्षुकगणही व्यवहार कर्त्ते रहिते हैं।

जो संपूर्ण ततयंत्रका विषय है अर्थात् वीणादिक जो बाजे हैं एह उसका विषय कहिते हैं विलम्ब आदि, तिनके मध्यमे जो अनेकही एहआसिया विशेषतः एहि भारत

ततयंत्रकी उत्पत्ति ।

वर्षमे उत्पन्न होकर नाना देशोंमें नानाविध संज्ञाकर्के
प्रचलित हुए हैं — अङ्ग भेदसें विविध विरूपित प्रदर्शित
कर्के विख्यात हैं सो एक प्रकार प्रतिपन्न भये हैं ।
कोई यंत्र किसी स्थानमें अविकल अपरिवर्त्तित । अर्थात्
उसी तरहसें रहे हैं बदले नहिं गए और किसी स्थानमे
आकारसें कितनेक बदले गये हैं । कितनेक यंत्रकी
पहिली संज्ञा देश भेदसें भाषाभेदसें वर्णगत विकृति
प्राप्त होजाती है । किन्तु परस्पर होये मूल अनुसंधान
कर्नेहीसें जाने सकते हैं जैसा ओही एकही यंत्र को
ई एक देशविशेषसें उत्पन्न होकर विभिन्न देशमे
विभिन्न नाम वा आकार धारण किया है सो उद्
भवका विलास विभ्रम भिन्न हुआ है । और केते न १२
ही यंत्र हुए हैं कि वर्त्तमान समयके निर्माणकरे हुए
प्रसिद्धतम अर्थात् विख्यात यंत्र सकलके पत्तनभागि
स्वरूप अर्थात् नगरके यंत्र होगये हैं । सो भाषाके तत्व
वेत्ता जो हैं औ हि विभिन्न देशप्रचलित भाषासमूहको
परस्पर सादृश्य समालोचना कर्तेंगए इसी तरह कित
नासत्य का आविष्कार वा प्रघट करते हैं । अवश्योमें
ऐसा दिन आवे जिनदिनमे हमारे लोकोंका एहि वाक्य
सत्यकारिके प्रतिपन्न होवे जो, पश्चिममे पारस्य
वा सिरिया देशान्तर्गत इलाए प्रदेश, पूर्वमे मगधदेश,
दक्षिणमे विंध्यगिरि और उत्तरमे हिमाचल एहि
चतुःसीमान्तवर्त्ती विस्तीर्ण भूमिभागके अधिवा
सियोंके निकट इउरोप और और अनेक देशोंकी
न्याई अधिकांश सङ्गीतयंत्रका विशेषकर्के
ततयंत्रके निमित्त चिरकालके निमित्तसें अधमर्ण
अर्थात् कर्ज्जदार रहे हैं । हमलोकोंका एहि मत है ।
और जेकर इतिहास पर्यालोचना करि अपना वि
चारकर्के जो ऐसा होवे तब जान सकते हैं जो, प्राय
संगीत समुदाय इउरोपके देशोंके इतिहासलेखक गण और
हमारे लोक इसी मतको संपूर्ण अनुमोदन कर्ते हैं ।

सो सभभी एहि कहिते हैं "हमारे देशमै जो, सकल प्र
सिद्धतम संगीतयंत्र प्रचलित हैं सो सभकाही आ
दिम स्थल पूर्वांचल — सकलके ही मध्यमे कोई कि
पूर्वाञ्चलके सकलयंत्र का अनुकृति हैं, कोई
वा उह्के आकारके परिवर्त्तनसंभूत अर्थात् उह्के
बदलनेसें होयाहोया।" सुप्रसिद्ध जो फिटिस नामकहे
तिस्के मतमेभी पूर्वांचलही यउरोपके देशों का
संगीत देवीका प्रोशाय होलाहे अर्थात् संगीत देवीके वा
ल्यावस्था का पघूड़ा है। सो कहिते हैं "एहि पाश्चिमां अध्यात्
चलमे इसतरहा कुछभी नाहिं जो पूर्वांचलमेंनहिं भया।" भया

जेकर ओह यउरोप देशके सभ पंडित पूर्वदेशके जितने
सङ्गीत यंत्रका जन्म देश बोलकर मुक्तकंठसें अंगीका
र कर्त्ते हिं, तदवी कोई इसी पूर्वकाससके कोई एक देश
विशेषके आदिम जन्मभूमि बोलके सन्मान देनेको
नहिं चाहते। उह् सभके मतमे सभ यंत्रके निमित्त
यउरोप का मुख्य संबंधसें वा कि गौण संबंधसें प्रधानतः
मिसर, अरब, आसिरिया और भारतवर्ष एहि के दे
शके निकट विशेष ऋणी हैं। किन्तु उह् सभके मध्यमे
कौनदेश ये प्रकृत जन्मभूमि सो तिसको स्थिर नहीं
कर सकते। सभकाही इस वास्ते मतभेद लक्षित स्थान
होताहे। पहिले बुद्धिमान लोक कालु निर्णयमो उह्की
आशा त्यागगई हैं। वास्तवतासे उह् सभका जन्मका
ल इतना प्राचीन हे जो इतिहासके अधिकारके
भी बाहर नहीहे — और तिस्का ओही बाहरका
भाग एक घन विस्तीर्ण जवनिका द्वारा अंत
रित हे अर्थात् बीचमे व्यवधानयुक्त होगयाहे।
उह् सभके मध्यमे कोई कोई बोलते हैं, कि जो
कितनेक यंत्र मिसरदेशसें, कितनेक अरब

देशसे, कितनेक वा आसिरिया से और सभ देशों
से बहुत भारतवर्षसेही कितनेक यंत्र उसी तरहके रहे और
कितनेक रूपान्तरित होकर आसियाके और और
देशोंमेंभी और इउरोप देशमे उहांसे ले आए हैं,
सभप्रकारके प्रत्युत्ततयंत्रका और आधिकांश और
और तरहके ततयंत्रका जन्मभूमी जो भारत वर्षही है,
तिसके विषयमे सभही एक अविसंवादी का-
मत प्रकाश किया गया है। सुप्रसिद्ध
मन्सियर मरिराट साहिब कहते हैं जो, "जितने
कर्षनुत्ततयंत्र पहिलेसमयमे आसिरियादेशके, कि
हिब्रू कि, मिसरदेशके सबूसभके मध्यमे कितनेक
हि परिचित नहीथे। जेकर और कोई कोई इतिहास
लेखक करके बोला गया है जो, हिब्रू देशके उसी
तरह कितनेक यंत्रथे किन्तु तिन्हके मध्यमे सभ
के अग्रगलित्रको पुनः बोलकर भ्रमथा। सोवास्ते
वतासेभी प्रत्युत्तत यंत्र संपूर्ण भारतवर्षकेहीहैं।
वाल्लस्क नामे हिन्दुसभका जो एक अतिशयकर्के
पुरातन प्रत्युत्ततियंत्रथा सो प्राय पंचसहस्त्र व
र्ष व्यतीत हुए भी सकुनाधिपति रावण निर्माण करके
आपलेनामकर प्रसिद्ध किया है। चीनका उड्कीन,
जापानका कोकिउ, हिन्दुदेशका सारङ्गी और सारिन्दा
और आरब और पारस्य का केमानगे और रबाब
ए इसंपूर्णही उसीएकहीयंत्रके प्रतिरूप के बिना
और किछनही था। इसी तरह प्रतिरूप यंत्र
जो आसिरिया और हिब्रू देशमेंभी अवश्यही
उत्पन्न होसकते हैं सो कितनेक संभवपरहैं। ए
एक जो कि टिस तिन्हको रोगामि। किन्तु सो फिकट्
देला हिष्टारिड देला मिउजिकड नामक ग्रंथमें
लिखाहुआ है कि जो सभ प्रतताततयंत्र इउरोप से

पहिले उत्पन्न होकर आसियाके और और देशमें ले
गयेहैं। सो कहितेहैं प्रस्तुत यंत्र पहिले से इटाली
मै उत्पन्न होकर ग्रीस मे और तिससे होके आसिया
माइनर मे और पीछेसे पारस्य और आरबदेशमे
के मानुगो एराउसि नामसे प्रचलित हुआहे।
किन्तु इउरोप देशके युद्धयात्रावाले सभलोक जिस
सालमे जेरूजेलम से मुडकर्के आए तिस समयमो
उह सभके साथ साथही ओहि यंत्रकों और लोकभी
आपले देशमे लेगए। किन्तु भारतवर्षके नारदा
सूभी अपरके हुए सभयंत्रकामूल सोभी ओह
और ही तिस्को तिस्केपीछें किये हुए ग्रंथमे स्पष्टा
क्षरमे अंगीकार कियागयाहे। सोकहितेहै "जिस
समयमो हम इस तरहासे लिखयाथा उस तालमे हम
पूर्वदेशके संगीत संबंधमे सम्पूर्ण मे अनभिज्ञथा अथ
र्यात कुछभी नहीं जानताथा, क्रमसे मात्र अनुसं
धानके पीछेसे अवशेषमें एहि सत्यही जालयाहै
नहीं जो पूर्वदेशमें था सो इस तरह कि कभी ओह पश्चिम
देशमे नहीं था। इस समयमे हम निर्भय होकर बोल
सकतेहैं जो भारतवर्ष सर्वाङ्ग संपन्न भाषाका
(क्या संस्कृत भाषाकी) उच्ची पोडीमे चढकर सबकी
मनुष्योंके मनकी अनेक प्रकारकी चिन्ता और भावपरं
पराका प्रकाशक दर्शनशास्त्रको, सार्वाङ्ग सुंदर क
विताके निमित्त और तहांके वासीलोकोंका प्रधानतम
हर्षको देनेवाला सङ्गीतके प्राचीनतम चिह्न समूह
को प्रत्यक्ष करनेवाला कियाहै सोई भारत समस्त वर्ष
स्तत यंत्रका आदि जन्मस्थान है और तिसीसे आसि
याके और और स्थलमे सोई सभयंत्र परिचित हुए हैं।
अनेक यंत्र हैं देखलेसें निश्चय एहि होताहै कि एस
भ भारतवर्षकेही कहिलेसे प्रतीति होतीहै। इसमे
किंचिन्मात्र भी संदेह नहीं है। जेकर कोई प्रस्तुत

ततयंत्रकी उत्पत्ति।

यंत्रकी पहिली अवस्था देखलेकी इच्छा करे, तब तिसकी प्राचीन सरल भावका अनुसंधान कर्ता जावे, क्या शिल्पमाकी चतुराई जिस्की संपूर्णता संपादनमे नहीं देखी इसी तरह यंत्रहीन दृष्टकरके भारतवर्षके वसन्तसत्र इत्यादिकोमे दृष्टिकरे।

इतने दूरजाएके निमित्त केह आवश्यकता है कि जो एकतंत्री वीणाका कितनेक युरोपदेशके पंडितगण समुदय तत यंत्रको आदि कहिकर स्वीकार कियागयाहे, सोलहि भारतवर्षसेंही उत्पन्नहुए हैं। सोई एकतंत्री वीणा भारतवर्षका प्रसिद्ध पिनाक यंत्रहै। इस्का प्राचीनत्व प्रतिपन्न भया सिद्ध करलेके निमित्त भारतवर्षके पंडितगण इसीकों देवदेव महादेवजीका निर्माण किया होया और तिसीकोंही निरंतर प्रिय बस्तु कहितेहैं। †

† एहि यंत्र देखलेमे धनुषकी न्यांई हे। एकही स्थितिस्थापक गुणोपेत याष्टि अर्थात् दोनोपार्श्वोंसें बांधी होई एक लाठीहे तिस लाठीकिया दोई सीमाहैं क्या दृश्यांहें एकही तन्तुद्वारा तन्आईकिके बांधी होई। धनुषकी न्यांई इस्का आकारहे ऐसें कहिकर महादेव युद्धकालमेभी इस्का व्यवहार करतेहैं। सो कि युद्धकालमें कि क्रीडके समय कि और किसी समयमे [illegible] महादेव सर्वदाकालही इसीकों [illegible] व्यवहारकर्तेहिं ऐसें कहिकरके तिसका एकही नाम पिनाक पाली हे।

सो जौंवे सो होय, सभप्रकार के ततयंत्र ही जो पूर्व देशसें उत्पन्न हुए हैं तिन्हूमे किंचित मात्रभी संशय नही है। और जो लेसे लोक पश्चिम यंत्र संपूर्ण भारत वर्षमें हि उत्पन्न नहिं होकर पूर्व देशासे और और देशो सें ही उत्पन्न हुए हैं ऐसें कहिते हैं उन्ह सभके मत जो भ्रांति संकुल है सो अनेक ही स्थानमें देखे गए हैं। सुप्रसिद्ध फिटिस कहिते हैं "भारतवर्ष ही सभ जो प्रचलित तयंत्र हैं उन्हुका जन्मस्थान है — भारत वर्षसें ही प्रथम आसिया के और और देशमें ही ले गए हैं। हमलोक जिस तरए रावण और अमृति एहि दोनो हिन्दु यंत्र को साथ अरब देशके केमा न्चे रबाबुज के साथ तुल्यता करके, तिस तरए शे सोक यंत्र को पूर्वोक्त यंत्र की अनुकृति मात्र नहिं कहिकर ठहिर नहिं सकते"।

एक हि यंत्र जो कोई एक देश विशेषसें उत्पन्न होकर विभिन्न देशमें नाम भेदसें प्रचलित हुए हैं सो अनेक ही स्वीकार करते हिं। सो एह युक्ति भी अननुमोदित नहीं अर्थात् इसको दूर नहीं कर सकती है। सो भाषाके तत्त्ववेत्ता महात्मा सो प्रत्यक्ष दिखाय देते हैं। जो यंत्र इंलंडमें 'पाइप' सोई यंत्र को जर्मनका 'फिफे'। फ्रांसका 'पिपिउ', गल देशके 'पिओव' ओयेलसको 'पिव', सुइडेनके 'पिपा' और डेनमार्कके 'पिजप' सो स्पष्ट उपलब्ध करा देख सकते हों। जो यंत्र इंलंडके 'हार्प' सोई जर्मनका 'हार्फे' फिनलंडका 'हार्पु' आइसलंडका 'हर्पा' हंगेरीका 'हार्फा', फ्रान्सका 'हार्पे' स्पेनका 'आर्पा' आंगलो स्याकसनदके 'हार्पे' वा 'हार्पी' जो 'एलउद' यंत्र आरबका सोई ही स्पेनको

36 'लत्', सुइडेनको 'ल्होता', डेनमार्कको 'ल्यत्',
जर्म्मनिके 'लते', इटालीके 'ल्यतो', फ्रान्सके
और ३ 'लुत्', इंलिण्डके लोक 'लिउट' । और जो
यंत्र पूर्वदेशसें मूरजातिका कियाहुआ पहिलें
स्पेनमें लेजायकर "गिटार' नामसें कथन
कियागया ओहि यंत्रही पीछे जर्म्मनदेशके
पर्वतके प्रदेशवासी लोकका 'जितार', निउरि
याका 'किसार' पुरातन ग्रीसका 'कितारा'
अर्थात् पूर्वदेशमें हय' और मूलमें सोई जो पारस्य और भारत
वर्षका 'सितार' सोई इससमयमों सभई लोक
खुल्के ठसें अंगीकार करलियाहे । भाषा
के तत्त्वकोंजाननेवाले सभलोक जोहें उन्के
पूछनेसें सोसभलोक ग्रीसके नियमानुसार
अर्थात् उस देशके व्याकरणसें से कहितेहें — कि स कागज इत्यादि शब्द
एक पारिवारके भी परस्पर बदलेजाते हें ।
अर्थात् जैसें सितार, किसार, गितार, कितारा, जितार, इत्यादि
[illegible] पूर्वदेशके प्रचलित
यंत्र सभकेसहित पश्चिमदेशके यंत्रस
मूहका अनेक नामका सादृश्य हे । कभी
नाहिंहुआ कभी ऐसासमयहुआकि आन
पृथक्‌ही होगया जिसकारणमें इन्हसभकी
आदिभूमि निर्लीत होसकती हे ।

सुषिरयंत्र।

एह सभ यंत्र छिद्रयुक्त हैं। अर्थात् बीचसें पोले और छिद्रोंकर्के भी युक्त जैसे वंसरी है। इसीनिमित्त इत्यादि सभकों सुषिर यंत्र कहिते हैं। सो एह सभ यंत्र मुखकर्के फूकमारनेकी सहाय तासें वजतेहैं। इन्ह सभके मध्यमे जो सभ की अपेक्षाकर्के और एक अधिक प्रचलित है सो उन्हकों विषयोंहि विवरण किया जावेगा। एहि सभ यंत्र प्रथमसें हि दो श्रेणीसें विभक्त हैं - एक नल और द्विनल। तिन्हकेमध्यमे औभी और चार प्रधान जातिसें विभागकिएगए हैं— वंशीजाति, काहलजाति, शृंगजाति और शंखजाति। वंशीजातिके मध्यमे मुरली, सरल वंशी वा लयवंशी, और वेणु इत्यादि हैं। काहलजातिके मध्यमे रोशनचोकी, कलम और सानाई अर्थात् सरना ई इत्यादि हैं। शृंगजातिके मध्यमे शृङ्ग, रणशृंग और तुरी इत्यादि हैं। शंखजातिके मध्यमे शंख, गोमुख अर्थात् नरसिंगा इत्यादि हैं। एह समुदाय एकनल यंत्र भएहैं। द्विनल यंत्रके मध्यमे केवल तुंबडीही वंशीजाती है। इन्ह सभके मध्यमे अनेकही पारस्य देशके नामसें ही परिचित हैं। किन्तु इन्ह सभका एक एक संस्कृतनाम भी है। सो प्रत्येकके विवरण स्थानमे लिखा जावेगा। साधारण सुविधाके निमित्त तिन्ह सभका जो नाम व्यवहार किया गया। लसें प्रचलित सोइ सकलनामसेंही

❀ सुषिरं विवरं, बिलम् और गर्त्त वितो भविश्वभ्रे सरंध्रे सुषिरं त्रिषु॥ एहि अमरकोश ध्वनवचन दोनो केअनुसार सरंध्र यंत्रकों सुषिर बोलतेहैं।

सुषिर यंत्र।

इस सकल यंत्रके मध्यमे शंख ओर शृंग अति प्राचीन हैं सो सभ यंत्रके फूंककार यंत्रके आदि हैं। जिस धातुके शिल्पकोशल द्वारा संबंध कियाजाताहे उहू सभकेही यंत्र है (१)। सुतरां इहू सभका प्रकृतस्वरूमे एह आख्या अर्थात् नाम प्राप्त होनहीसकता। इहू सभका दोनोंही प्रकृति प्रसूत पदार्थ सभ्यता के अनुन्नतिके समेमेही व्यवहृत होवेंगे। एहि प्रथम समुदाय यंत्रही ततयंत्रकी न्याई विभिन्न अवस्था मे ओर विभिन्न उपलक्षमे व्यवहृतहे सोएहसभ भिन्नभिन्न भागसें विभक्त हुए है। तिहूके मध्यमे कितनेक सभाकेजोग यंत्र, कितनेक बाहरले द्वारके कितनेक युद्धके बजंतर कितनेक ग्राम्य, कितनेक वा मांगल्य अर्थात् मंगलकार्यमें बजाउलेवाले। किन्तु इहू सभके मध्यमे अनेकही दो वा तीन तरहाके श्रेणीभुक्त भी होतेहैं। नीचेमे तिहू सभकेमध्यमे कितनेकका एकही तालिका दीजातीहे।

अर्थात् सभाके सामान्य समेमे [?]

अर्थात् तीनहि भाति [illegible] कियाजाताहे [?]

सभामे	बाहरके द्वारमे	युद्धमे	गाउमे	विवाहादिमे
सभ्य	बाह्यद्वारिक	सामरिक	ग्राम्य	मांगल्य।
मुरली	रोशनचौकी	तुरी	गोमुख	शंख
ढक्का	सरनाई	रणसिंग	शंख	गोमुख
	कलम	शृङ्ग	तुबड़ी	रामसिंग
सरलवंशी *	सरलवंशी		बेणु	

[illegible] पर्याय [illegible]

---

(१) यम धातुके आगे त्र प्रत्ययसें "यंत्र" एहपद सिद्ध होताहे अर्थात् जिसकेसाथ संबंध कियाजाताहे।

* लयवंशी, सभ्य ओर बाह्यद्वारिक ओर शंख, ग्राम्य ओर माङ्गल्य एह दोनोमेही होसकताहे।

वंशी-जाति।

सामान्यता करके पकड़कर जो यंत्र फूकदेनेसें वज
नेवाले हैं उन सभकी सामान्य संज्ञा वंशी है। किस
कारणसें कि अति पूर्वकाल क्या बहुत चिरकालसें
प्रथमे छिद्र सहित कोई फूकसें वजनेवाला यंत्र
रचनेके समयमें वांसकाही यंत्र रचना कियाथा,
पीछें औरऔर कालसेंभी इसकी निर्माण विधि
संपादित होकर स्थिर करीगई और वजाउनेकी री
तिकी विचित्रता, और उपादानका अर्थात् कारण
का और छिद्र संख्याका विशेषकर भिन्नताके अनु
सारसें नानाप्रकारके आकार और नाम हुए हैं।
जैसें तैल, क्या तिलोत्पन्न स्नेहरूप यही प्रकृत तैल है,
किन्तु इससमयमें एरंड सर्षपादि सें उत्पन्न जो द्रव अ
र्थात् स्नेह पदार्थभी तैल शब्दसेंही प्रसिद्ध होता है।
यो वंशी श्रीकृष्ण भगवानजी व्यवहार कियाथा अथा
वजाउते हैं और वंशी बोलतेहैं, तिसीकों मुरली बोलजा
ता है। ग्रीसके अभेना, रोमके फिश्चुला, मिसरके
सिवि और अवके लोक इंगरेजी फ्लुट, और जर्मनि
देशके एलिमेण्ड, इनसभके साथ तिसका अने
कतरहका सादृश्य है। जो सरलभावसे बाजताहै तिसकों
पारस्य भाषामें अलगोजा, वंगदेशकी भाषामें सरलवंशी,
संस्कृत भाषामें वंशी, इंगरेजी भाषामें फ्लाजिउलेट
और लाटीन भाषामें फिश्चुला मिनिमा बोलते हैं।
सो सभप्रकारकी वंशीही नलाकार, वर्तुल, अर्था
त् गोल, सरल और पर्वदोषविवर्जित अर्थात् बीचमें
कोई गांठ नहीं। एहसभ पहिलें बांसके होथे, किन्तु
पीछेसें खदिर रक्तचंदन इत्यादि काष्ठका, सुवर्ण,
रौप्य, ताम्र और लोहा इत्यादि धातुके भी निर्माण किएगए
हैं, समय समय हाथीके दंदके और स्फटिकेभी हुएयेवनलेहै,

कहींकहीं

38

मुरली।

इन सब पंचौं का गर्भ शून्य है अर्थात् बीच में पोले हैं। इन सब की दो सीमा है, शिरोदेश और अधोदेश, सो शिरोदेश [illegible] बंद होता है और अधो देश खुला रहता है। इनकी दीर्घता आठ नौ अंगुल से लेकर एक हाथ लंबे और तिस से भी अधिक हो सकते हैं। जो वंशी मुरली पद वाच्य है तिस का विषय पहिले ही विवरण होगया है।

मुरली।

एह नलाकार, वर्तुल और सरल वंश रूपी होती है इसकी दीर्घता अनेक प्रकार की हय, किन्तु निरंतर एक हाथ परिमाण की ही देखने में आउती है शिरोभाग का तीन अंगुलि परिमित निम्न देश में अर्थात् नीचे एक छिद्र होता है तिसका नाम फूत्कार रंध्र, उसी रंध्र के प्राय चार अंगुलि (कहीं कहीं तिस के ही) नीचे छे छिद्र होते हैं, उन सब का साधारण नाम तार रंध्र है। पहिले में फूट की न्याईं इसके दोनो पार्श्वों में बंद होते हैं। किन्तु इस समय में तिसका और बडा व्यवहार नहीं है, श्रीकृष्ण जी की प्रतिमा में जिस तरह हाथों में मुरली दई जाती है उसी तरह यहां टेढे भाव से दोनो हाथों के कर्ही धारी जाती है। सो पहिलें सिखने वालें को सरल भाव से पकडाइकर मस्तक ऊंचा और बामे मोढे के पास थोडी उच्चाइ कर और कोमल भाव से अधर के बक्षस्थल बिती लेकर के अभ्यास करने की विधि देखी जाती है। मुरली दोनो हाथ के अंगूठों के मध्य भाग में। एक दे केप क इनसे बामे हाथ की तर्जनी, मध्यमा और अनामिका

एहि तीन अंगुलि मुरली के शिरो देश के तीन छिद्र के मुखमें और दक्षिण हस्तके एहि तीनही अंगुलि निम्नका तीनों में स्थित जो तीन छिद्र हैं उन्हू के ऊपर बजाउने के समयमें प्रयोजन के अनुसार विनियोजित करते हैं।

पूर्वोक्त प्रकार के आयत्त अनुसार अर्थात् प्रमाण के अनुसार से पकड़कर निम्नलिखित प्रकारसें एह बजाउन होती है इसके फूत्कार रंध्रकों एक गले केपास से हिलायकर तिसकों ऊपर अधरके अर्थात् नीचे के ओठके ऊपर स्थिर और दृढ भावसे राखके अधर और ओठको एकत्र दबाय के दोनोके मध्यमें फूत्कार निर्गमनके निमित्त एक छोटा कर स्वर छिद्र राखते हैं। अधर एक मुखके पासे रहे और फूत्कार रंध्रका आधाक भाग मुद्रित रहे, और ओठ एक बाहिरमें रहे और उक्त रंध्रके अनावृत खुले हुए भागको आवरण करिके रहे। इसतरहासे जिस समय फूत्कार बाहिर होवे तिस समयमें प्राय सब तरह फूत्कारही रंध्रमध्यमें प्रवेश कर जाताहै। फूत्कार आरंभ करनेसे, तिसके प्रयोगकालके बलका न्यूनाधिक्यके वशतें स्वरका भी उच्चता और नीचता संपन्न होतीहै।
हमलोकोंके देशमें जिसप्रकार मुरली है, इउरोपमें सोई रूप फ्लुट है। एह दोनोही अति प्राचीन कालसें प्रचलित हुएहोए अब तक चले आउते हैं। इन्हू दोनो काही प्राचीनताके प्रतिपादनके निमित्त दोनो देशोंमेंही इन्हू के संबंध में नाना प्रकारका प्रवाद है। भारत की मुरली श्रीकृष्णजी कों अति प्रियतम थी और ओही श्रीकृष्ण भगवान् इसको निर्माण करने वाला कहा है।

यंत्रकोष।

इउरोपका फ्लुट पूर्वतन अर्थात् पहिले समेका रोमका
फिस्चूला और ग्रीसका आवलुस् मिनर्भा देवीका अति
प्रियतम और रतिसीक केहि निमित्त इसतरूकाहिते हैं।
पूर्वसमेमे फ्लुट् हटहोलेके पीछेही प्रथमसें इतरजन
भी इसको व्यवहार करतेथे और उसी निमित्त एह तैसा आद
रणीय नहिथा, किन्तु जबसें ग्रीस देशके लोकोंने पार
स्यादि देश जीत लिया, तबसें लेकर जैसेंही संगीतका
विशेषकर्के आलोचना क्या देखएका आरंभ हुआ, उसी
समयमे फ्लुटका इतना आदर अधिक हुआ, कि जो एसे
लोक इस यंत्रको बजाउणे नहीजानते थे सोउन लोकों
कीगलती अच्छे लोकोंमे नहीथी। फ्लुटार्क कहिते हैं
विख्यात ग्रीस देशका राजा पेरिक्लिश नामक इसयंत्र
का बडा उत्साह देणेवाला थी और उसीने इसको ग्रीसके
आर्किथियटरमे पहिले संनिवेशित अर्थात् स्थापनकिया
और हमारे पासके लोक पूर्वदेशसें विशेषकर्के आसिरि
या और मिसरमे मुरलीको न्यांई यंत्र बहुतसें पहिले काल १८
प्रचलितथा। अवयवमे कोई भिन्नता लक्षित
नहीहोती। सो किहाहय कि सुमेर प्रसिद्ध जोकोइस्था
नवा नगरविशेष है उसके ध्वंसक्या नाश होणेके उपरं
त उसके बीचसें एकजगासें मृण्मय प्रतिमा निकसी
तिसकेसाथ एक यंत्र निकसया, तिसका आकार निरं
तर मुरलीकी न्यांईथा। सोकिस समयमो और किस
प्रकारकीघटनामे जो इसप्रकारका यंत्र उसजगासें प्रा
प्त हुआथा सो किहानहीजाता। और प्रतिमा आसि
रिया देशकाहीथा। सोइसस्थलमे एह अवश्यही
स्वीकार करनाचाहियेजो सभप्रकारके फूककर्के ब
जणेवाले यंत्रका आदि यंत्र षांखहै।

संगीत इतिहासलेखक प्रसिद्ध चार्लस् बर्णिनाम
क साहिब इससमयमे वर्त्तमान मतकी साखी देतेथे। घे

अपर्याप्त नाम शास्त्रोंमें १८

सरलवंशी।

इसीको पारस्य भाषामें अलगोजा और इंगरेजी भाषामें फ्लाजिओलेट् कहितेहैं। इसीतरह इस्कों सरल भावसें अर्थात् सूधी पकडनेसें इस्का नाम सरलवंशी भयाहै। सो मुरलीकी न्यांई इसमेंभी सात ताररंध्रहैं और फूत्कार रंध्रके स्थलमें एक वायुरंध्र होताहै
निकसताहै
उस स्थानसें वायु निर्गत होताहै। फूत्कार रंध्रमें फूक नही देनी चाहिये; क्योंकि एह शिरदेश इस्का खुल्लारहिताहै, उसीस्थानसेही फूक देनेसें वायुरंध्र खुल्ले रखनेकी आवश्यक मत ताररंध्र सभमेंही अंगुलि निक्षेपद्वारा वादनक्रिया संपादित होतीहैं। किन्तु पकडनेकी रीति मुरलीसे सभ स्वतंत्रहै।

प्रथमतः इसकों सरलभावसें पकडना होताहै और उपरके चार छिद्रोंमें दहिने हाथकी चार अंगुलि और नीचेंके तीन छिद्रोंमें वामेहाथकी तीन अंगुलि उक्त छिद्रोंमें योडनी चाहिये इतनामात्र मुरलीका और अलगोजेका भेदहै, और और सभ विषयमें एही सरलवंशी प्रायमुरलीकी न्यांई है।

लयवंशी।

केवल एह यंत्र निरंतर बाँसकाही होताहै — अवयव में सर्वांश अर्थात् अलगोजाके समानही होताहै। लोकमें इस्कों भी प्राय सरल भावसें पकडकरके बजाउतेहैं। नव विशेष एहि जो, इस्कों मुखके

एक कोणेसे एक टेढेभावसे पकडके इसके दोनोमुख अनावद्ध अर्थात् खुलेही रहतेहैं और सरलवंशीसे जो एक वायुनिर्गमन रंध्र होताहै, सोइसमें नहीं होता। औरऔर संपूर्ण विषयमें एह सरलवंशीकी न्याईं है।

काहलजाति।

इसीसकल यंत्रको शर वा तृणध्वज देकर बजाउतेहैं। इसतरहका यंत्र, कि पूर्वदेशसे कि पश्चिमदेशसे, एह दोनो देशोंमें विभिन्न नामसे प्रचलित है। बंगदेशमें कलम, रोशनचौकी, सानाइ और इंरेजी क्लारिअनेट, ओवए प्रभृति इसीपंक्तिके अंतर्गति है।

कलम।

इसका आकार लिखनेवाली कलमकी न्याईं है, इसी निमित्त इसका नाम कलम है। एह यंत्र इसप्रकारके नामसे अनेक देशमें प्रचलित है। इसीको संस्कृतमें कलम और पारस्य, आफगानस्थान, तुर्की, तातर प्रभृति देशमेंभी कलम और ग्रीसके कलमस्, इसी निमित्त बोध होताहै जो एह भारतवर्षकायंत्र होवेगा। इसका मुख एक कलमकी न्याईं कटाहोया और अग्रपर मुख औरऔर वंशीकीन्याईं अनावद्ध होताहै। इसका दैर्घ्य अपेक्षाकर्के अल्पहै। इसकी तार रंध्र संख्या औरऔर वंशीकी न्याईं सातही होतेहैं एह सरलभावसे बजाया जाताहै। किन्तु औरऔर यंत्र जिसप्रकार फूत्कार रंध्रमें फूकमारनेसेंही बजताहै एह उसतरहसे नहीं। मस्तकके पाससे अर्थात् जिसस्थानसे बजाउतेहैं उसस्थानमें देशीसानाईके मत एक छोटा नल बलाने रहताहै अर्थात् उसके मुखविच नलदिया रहताहै।

काहलजाति। क

ओर वजाउए लगनेके पहिलें तिसको पु पु कर्के मिजाइ कर फेर वजाउए लगतेहैं।

रोशन चौकी।

एह यंत्र हमारे देशमे ओर पारस्य देशमे वहुत प्रचलितहै। देखलेमे अनेक ओवाइए केमतहै। कलमकी न्याई इसके मुखमे एक नल देकर इसको वजाउतेहैं। इसका आकार ऊपरके भाग काठका ओर निम्नदेश पित्तलादि कोई धातुनिर्मित ओर धत्तूरे के पुष्पका आकार होताहै। ओर किसी किसीका सभ अवयव भी शुद्ध काठका ही होताहै। ओर नलं वाई इसकी साधारणसे एक हाथ परिमित होतीहै। लखनो इत्यादि देशमे इसकी अपेक्षाकर्के अनेकही वडे यंत्रोंका व्यवहार है, तिन्हका स्वर भी अपेक्षाकृत निम्नतर है क्या ... गंभीर है नोवाजे हमारे देशोंमे नववादवी नोवतमे जो रोशन चौकी व्यवहृत है, तिसका स्वर तीव्र है अर्थात् साधारणयंत्रकी अपेक्षा कर्के तीन चार स्वर ऊर्द्ध मे है। पूर्वतन अर्थात् पहिले समेमे मुसलमानलोकोंके राज्यके समयमो राजयोंके पास उत्सव ओर मांगल्य कार्य्य के उद्देश कर्के इसका व्यवहार वहुतथा। आजतकभी एहि मुसलमान ओर हिन्दु लोकोंके मध्यमे उक्तविध कार्य्य क्या मंगलकार्य्य के उद्देश कर्के व्यवहृत होताहै।

सानाइ। सरनाई

एहियंत्रकि अवयवमे कि वादनप्रणाली क्या पंक्तिमे क्या दोनो पंक्तिके विषयमे ही संपूर्ण पूर्व कहेहुए यंत्रकी न्याई है। एह दोनो यंत्रकाही स्वर गत जो विलक्षणताहै सोई इन्ह सभका भेद निदर्शक अर्थात् ठीक ठीक निश्चय स्वरको कर देताहै।

एहियंत्र [illegible] मुसल्मान सम्राट् अकवर शाहजीकों अति प्रियथा। सोसदा ही नौवतके मिलनेमे इसीका वजना सुनने मे वडा प्रसन्न होताथा। इसका पारस्य नाम सिर्नाइ है।

वेणु।

एही हमलोकोंके देशमे वेणु अर्थात् बाँसद्वारा निर्मित होताहै इसीवास्ते इसकाभी नाम वेणु होयाहै। एहीवेणु मिसरदेशियोंने अंगरेज लोक जिसकों नावि कहते। (अर्थात् तिस देशके लोक फकीरलोक वंशी वोलके व्यवहार कर्त्ते हैं) इसीकों मिसरदेशके धर्मसंबंधवाले व्यापारमे जिकार नामक नृत्यके सहित फकीरलोक व्यवहार करतेहैं। इसकी दीर्घता वंशी जातीके औरऔर समुदाय यंत्रकी अपेक्षाकर्के अधिकहै। इसीयंत्रकों सन्मुख देशमे छे और पश्चाद्देशमे एकही मात्र छिद्र होताहै। इसके वजाउनेकीरीति इसजातीके औरऔर यंत्रकी अपेक्षाकर्के स्वतंत्र है अर्थात भिन्न है। मुखटेढाकर्के और यंत्रकोंभी टेढाकर पकडकर अल्पअल्प फूत्कार त्यागकर्त्ते हैं तब इस यंत्रकी वाद्नाक्रिया निष्पन्न क्या सिद्ध करतेहैं। उसीफूकके देनेके समयमे जोवलप्रयोग किया जाताहै तिसकी तारतम्यताके अनुसार सें अनेक प्रकारके स्वर वहिर्गत होतेहैं। सो अच्छी तरहसें शिक्षा होया जोवजाउनेवालाहै तिसके हाथसें इसयंत्रसें अति सुंदर और सुननेमे

अति मधुर स्वर उत्पन्न हो सकता है। किन्तु तिसके बजा
उ[illegible]नेहारे अनेक दिन पकडकर अभ्यास नहिं क
रने सें फुतकार्य्य अर्थात् अच्छी तरह बजाय नहीं
सकता।

शृङ्ग जाति।

एह सकल मृग, महिष, मेष, गो इत्यादि दीर्घ शृङ्ग
धारी जन्तु सकल का शृङ्ग कोष देके यंत्र प्रस्तुत होता तियार
इस जाती के सभ यंत्रों का आदि शृङ्ग है। एह पहिलें कि
हा गया है, शंख और शृङ्ग एह अनेक प्रकार के यंत्र ही
प्रकृति संभूत अर्थात् स्वतः सिद्ध हैं। और सभ प्रकार के फू
वो त्कार यंत्र के आदी है। एहि शृङ्ग जो शुद्ध भारत का कि
एहि पूर्व देशा मे स्थित सभ देशा के हि जो यंत्र है, ऐसे नहीं है, सो
जितनेक पश्चिम देशा मे स्थित जो हो र देशा उन्हूं मे हरन्,
प्रभृति अनेक नामसें प्रचलित है। एहि यंत्र भारत की
श्रृंग, पारस्य देशा का कारले, हिब्रु देशा का केरेन्,
ग्रीस का केरास, रोम देशा का कर्णु, फ्रान्स का कर्,
जर्म्मणि का हरन्, ओयेलस का करन्, हङ्गेरी का
कुर्त्, और इंगलण्ड का हरन्। एहि श्रृंग जो हमारे देशा
के [illegible] कितनेक पूर्व कालसें प्रचलित होया हुआ है
सो किछु नहिं जाता। परंतु कहा है कि देवादि देव
महादेव इसको व्यवहार किया है। एह यंत्र सभ के
मस्तक का अग्र भाग सूई के तुल्य और अपरो भाग
ऊपर की अपेक्षा करके वडे विस्तार वाला होता है,
और आकार इसका टेढा होता है, सो इसके शिरोदे
शमे एक कृत्रिम छिद्र किया होता है सोई फूत्का
र के प्रका कार्य्य कर्त्ता है।

रण शृङ्ग।

सभ्यदेशोंमें ही रणके स्थलमें सैनापत्यके लोकोंके उत्साह करणेकों वा उन्होंकों बुलाउणे वास्ते वा कोई कार्यके निमित्त इङ्गित क्या संकेत करणा इसी वास्ते एह यंत्र व्यवहार किया जाता है सो बोलते हैं कि इसका नाम रणशृङ्ग है। सो जेकर उक्त जो उपलक्षण क्या कार्य्य हैं सो सभ ही देशोंमें इसका प्रचलन है तदवी पहिलें हमसोकोंके देशमें और ग्रीसमें इसका अत्यंत प्रचलन आदरपूर्वक कया। अथ इस समयमें इंगरेजोंके निकट व्युगल नामक यंत्रद्वारा जो होता है पहिलें सोई कार्य्य इसद्वारा भी संपादित होता था। शृङ्ग जातिके और और सभ यंत्रकी अपेक्षा करके इस यंत्रका आकार अतिशय करके वडा है। एह निरंतर पित्तलका वा तांवेका होता है। फूत्कारसें वजनेवाले जो इतर यंत्र हैं उन्हसे विशेष इसमें स्वरकी तीव्रता वा कोमलता संपादित होती है।

रामशृङ्ग।

एह माङ्गल्यकार्य्यमें व्यवहृत होता है। इसकी लंवाई पूर्वोक्त यंत्रकी न्याई है, किन्तु आकारमें और स्वरमें परस्पर अर्थात् आपसवीच अनेक अन्तर है। रणशृंगकी अपेक्षा करके इसका व्यास वडा है और जेकर दोनोंका ही स्वर तीव्र है, तदवी रणशृंगका स्वर सूक्ष्म और इसका स्वर स्थूल है। और वादनप्रणालीमें दोनोंका ही एकरूप है।

तुरी।

एह इंगरेजी ट्रम्पेट यंत्रके सदृश है, शृङ्ग-जातीके और और यंत्रसें इसकी विलक्षणता एह है जो, एह सरल है।

शंखजाति।

निर्सिंग

एह पित्तलका बनेंताहे; रणश्रृङ्ग की न्यांई एह भी रणस्थलमें व्यवहृत होताहे, किन्तु इसके द्वारा आह्वान नहिं करते अर्थात् किसी को बुलाउते नहीं। इसकी दीर्घता और व्यास रणश्रृङ्गकी अपेक्षा करके अल्प है। एहि हमलोकोंके नये बाजे वा नौबतमें बजाउतेहैं। बजाउनेकी प्रणाली रणश्रृङ्गकी न्यांई है।

भेरी।

इसको सभलोक "भड़ङ" बोलतेहैं। एह दूरबीन यंत्रके आकार और उसीकी न्यांई एक नलेके भीतर और उसी तरहका स्तबक स्तबकमें होता है अर्थात् उस नलेके बीच और नला होताहे, बजाउनेके समयमें एक एक करके बाहिर निकासलेते हैं; एहि पहिले युद्धके समय व्यवहृत होता था, किन्तु इस समयमें केवल नौबतके बीच इसका व्यवहार देखनेमें आउताहे।

शंखजाती।

एहि जातिके यंत्रोंके मध्यमें शंख और गोमुख अर्थात् नरसिंगा एहि दोनो प्रचलित हैं। शंख इन सभके मध्यमें [illegible] बहुत चिरकालका है ऐसे कि एही सभ फूत्कार यंत्रका हि आदि है कि केवल श्रृङ्गके संग ही बराबर समझा है सो शंखका विषय पहिले एक प्रकार उल्लिखित होगयाहे।
एह शंख सभ यंत्रका आदी, ना ऐसि प्रभृति प्रसिद्ध संगीत इतिहास वेत्ता जो हैं सोभी इसी मतकी पुष्टि करते
(कोंकरगये हैं।

4

द्विदलयंत्र।

तित्किरी

अर्थात् बंगदेशमें

एहि एक द्विदलयंत्र है। इस जातीका एही
एकमात्रही यंत्र है सो हमारे पासके देशमे प्रचलित
है, इस्कों आमलोक तुवडी (बीन) बोलते हैं। सामान्य
ग्राम्यजन सर्पको पकडनेवाले इस्कों व्यवहार
कर्त्ते हैं बोलते हैं कि एहि ग्राम्य यंत्रके मध्यमे
परिगणित होगया है। सोसभ इस्कों साधारण
सें तुवडी वा पुंगी बोलते हैं और हमारे देशमे बीन
कहिते हैं। इसी यंत्रके निम्नदेशमे छिद्र वाले दो
नल परस्पर समसूत्रपातसें संयत और ऊपरके
भागमे एक कौडहू वेका (तितलाउ) एका खोल जोडा
हुआ होता है उसी खोलकों वायुकोष बोलते हैं।
तिसका ऊपरका भाग नलाकार और कुछक टेढा
होता है, और उसी नलाकारके शिरोदेशमे
एक छिद्र होता है, उसीकों फूत्कार रंध्र कहि
ते हैं। इसी यंत्रमे और नौ ९ रंध्र होते हैं इस्के
निर्माणमे कडुतुम्बीका तिक्त अलाबु क्याहै वा
व्यवहृत होता है बोलते हैं इसीका नाम तिक्कि
री होयाहै। इसीकों युरोपदेशके इतिहास
सङ्गीत लेखक तित्रि बोलते हैं। इसके संग
सोसभ युरोपदेशके व्यागपाइपको तुल्य
गणना कर्त्ते हैं किन्तु हमलोक तित्तिरी वो तुवडी
के संगे उवके लोक व्यागपाइपके निर्मा
ण विधिके अनेक प्रभेद देखले मे आउ
ते हैं। व्यागपाइपका [illegible] वायुकोष
चर्मका और तितिरीका कोष कडु लौवेका
बना।

हिगर्त?

सोनिरंतर इउरोपदेशके जोहैं सो कि सतरासें इसप्रका
रके सिद्धान्तमें उपस्थित हुएहैं, सोकिछु नहीं जाता।
कोई कोई स्थलमें अति पूर्वकालसें मुनि ऋषियोंके
समयमें अलाबूके अभावमें मृगचर्म व्यवहृत होताथा,
सोनिरंतर तदानीं त्र अर्थात् उससमेके लोक तित्तिरी
और अधुनातन क्या अब वर्तमान समेके लोक व्यागपाइ
प एह दोनोंही समान हो सकते हैं। इउरोपदेशके पंडि
तगणके मध्यमें भी कोई कोई बोलतेहैं जो, पुंगी और
तुबडी एक ही है। एहि तुबडी यंत्र कभी कभी नासिका
द्वाराभी बजाउतेथे सो इसको नासा वंशी भी बोलतेथे
सो एहे बात पीछे सें चले आई हैं इस यंत्रके एकनलेमें एक
अंगुलिके अंतर नो छही छिद्र हैं, और एकनलेमें पांच
छिद्र हैं, नोंछिद्र जो हैं उनमें जोनीचेके दोछिद्र हैं सो मो
म द्वारा बंद होतेहैं और सभसे ऊपरका जो छिद्र है सो नलेके
पीछेके पासे पर्यंत विस्तृत होताहै और दूसरे नलेके पांच
छिद्रोंके मध्यमें दूसरा और चौथा छिद्र खुला रहिताहै
और तीन छिद्र मोमसे के बंद कियेहोतेहैं सोवो कनरा
सुरयोगके निमित्त व्यवहृत होतेहैं, और प्रथमोक्त न
लेमें जो सात व्यवहार करने योग छिद्र हैं, सो बजाउने
के समय तिन्हु सभके ऊपर आवश्यक हीं अंगुलि
विक्षेप करिके फुत्कार रंध्रमें फुत्कार देनेसें बरबरे
बरबरे स्वर निकसतेहैं। किन्तु साधारण वंशी
में जिस तरहसें फूंक दईजातीहै तिसकी अपेक्षाकरके
९९ इसमें फुत्कारकी रीति अनेक तरहका बरबरी बरब
रीहै, इसयंत्रमें एकबारसें मुख परिपूर्ण वायु लेके
क्रम क्रमसें आवश्यकही परित्याग कर्तेहैं।

७६ एहि द्विनलयंत्र भारतवर्षमें नवीन पृथिवी
में स्थित प्राय सभही देशमें अति पूर्वकालसें

प्रचलित होया होया आजतक है, स्त्री पुरुष ए ह दोनोंही एह व्यवहार कर्त्ते हैं अर्थात् वजाउते हैं। पारस्य देशाके नेयाम्चाना प्राचीन मिसर के जुक्कोयारा और आधुनिक मिसर देशाके अर्ग्युल और जुमारा यंत्रभी केवल इसी तरहका होता है तब इसका नॅल एक दूसरेकी अपेक्षा करिके बड़ा होवा है। मिसर देशाके मल्लाहलोक सभ एहि द्विनलयंत्रकी व्यवहार कर्त्ते हैं तिसका नाम जुमारा, सोई और लोक जुक्कोयारा एकही, इहू सभके दोनो नल ही बराबरलेते हैं। दोनो नल जिस सलमे वराबर धरवेर और आलावू के बिनाही रहे, तिस दलमे मिसर देशाके तिसकों पाम बोलते हैं। ग्रीसमे और रोममे एहि यंत्र पहिलें से प्रचलित था, किन्तु तिसके स्वर नियमके निमित्त कीलक देकर नलेके छिद्र कों बंदकरिके रखते हैं। इस देशामे भी तिसके बदले मोम व्यवहार कर्त्ते हैं। इसीकों हिब्रूके बाइबेलके दानियेलु अध्याय मे साम्फोनियां बोलते हैं, इसीको इटालके अधुनातनक्या इससमयमो वर्त्तमान जाम्पोंग्ना और हिब्रू माग्रेपाभी सामफोनियाके मत है। किन्तु अङ्गगत अनेक वैलक्षण्य है।

सुषिरयंत्र। ॐ फूत्कारप्रभवोवाद्यः पूर्वंतत्सुखरंप्रतः

सुषिरयंत्र। ॐ

